आकाशवाणी

देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 12.04.2026 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगामी 14 अप्रैल को देहरादून में प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया।
- कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने आपदा के दौरान क्षतिग्रस्त हुई पेयजल लाइनों की मरम्मत कार्यों की समीक्षा बैठक की।
- टिहरी बांध की झील में आयोजित 5 दिवसीय 25वीं ऑल इंडिया पुलिस वॉटर स्पोर्ट्स प्रतियोगिता का समापन हो गया है।
- **और,** हरिद्वार में वैशाखी स्नान और सद्भावना सम्मेलन को लेकर पुलिस और प्रशासन की तैयारियां पूरी, सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए ।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 14 अप्रैल को अपने 27 वें दौरे पर उत्तराखंड पहुंच रहे हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साढे चार साल के कार्यकाल में यह उनका 17वां दौरा होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस दौरान दिल्ली–देहरादून एक्सप्रेस वे के साथ ही, टिहरी में 1 हजार मेगावाट क्षमता वाले देश के पहले वेरिएबल स्पीड पंप स्टोरेज संयंत्र का भी लोकार्पण करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी के आगमन को लेकर उत्तराखंड वासियों में भारी उत्साह है। प्रदेश सरकार लोकार्पण समारोह को यादगार बनाने की तैयारियों में जुटी है। इस बीच मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर चल रही तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया। श्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री का ये दौरा ऐतिहासिक होने जा रहा है।

गणेश जोशी

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने जलनिगम एवं जलसंस्थान के अधिकारियों के साथ मसूरी विधानसभा क्षेत्र में आपदा के दौरान क्षतिग्रस्त हुई पेयजल लाइनों की मरम्मत कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान मंत्री गणेश जोशी ने अधिकारियों से वर्तमान स्थिति की विस्तृत जानकारी ली और कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पेयजल से जुड़े सभी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए, ताकि आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो। श्री जोशी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मसूरी विधानसभा क्षेत्र में लंबित पेयजल योजनाओं को शासन स्तर से शीघ्र स्वीकृति दिलाई जाए और स्वीकृति मिलते ही कार्य प्रारंभ कर समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए।

चंपावत

सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत चम्पावत जिले के विभिन्न स्थानों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा सघन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की टीमें सभी विकास खण्डों में घर–घर जाकर गर्भवती महिलाओं और उनके परिजनों से संवाद कर संस्थागत प्रसव के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दे रहे हैं ताकि हर गर्भवती महिला सुरक्षित वातावरण में अस्पताल में प्रसव कर सके। जिले के मुख्य चिकित्साधिकारी डा. देवेश चौहान ने बताया कि राष्ट्रव्यापी अभियान का उद्देश्य जिले में शत–प्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित करना और मातृ–शिशु मृत्यु दर को कम करना है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि जिले की हर गर्भवती महिला अस्पताल में सुरक्षित प्रसव कर सके। जिसके लिए स्वास्थ्य विभाग की टीमें न केवल संवाद कर रही हैं बल्कि टीम द्वारा परिवारों को विभिन्न सरकारी योजनाओं और सुविधाओं की जानकारी भी दी जा रही है।

टिहरी बांध

टिहरी बांध की झील में आयोजित 5 दिवसीय 25वीं ऑल इंडिया पुलिस वॉटर स्पोर्ट्स प्रतियोगिता का समापन हो गया है। टिहरी झील में पांच दिनों तक चली इस रोमांचक प्रतियोगिता में कयाकिंग, कैनोइंग और रोइंग जैसी स्पर्धाओं में देशभर से आए पुरुष एवं महिला खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में 13 राज्यों की 19 टीमों के कुल 475 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान कुल 52 स्पर्धाएं आयोजित की गईं, जिनमें खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का दमदार प्रदर्शन किया। आईटीबीपी ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 14 स्वर्ण, 12 रजत और 12 कांस्य पदक सहित कुल 38 पदक जीतकर 4 ट्रॉफियां अपने नाम कीं और ओवरऑल चैंपियन बनी। इस अवसर पर आईटीबीपी के आईजी मोहित चावला ने इसे आईटीबीपी के लिए गौरव का विषय बताते हुए कहा कि टिहरी बांध की झील में इस तरह के आयोजन भविष्य में भी होते रहेंगे।

हरिद्वार

हरिद्वार में वैशाखी स्नान और सद्भावना सम्मेलन को लेकर पुलिस और प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गया है। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित और एसएसपी नवनीत सिंह ने ऋषिकुल ऑडिटोरियम में मेला ड्यूटी में तैनात पुलिस फोर्स को ब्रीफ किया। अधिकारियों ने सभी कर्मियों को सतर्कता, संयम और मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए। हरिद्वार के एसएसपी नवनीत सिंह ने बताया कि पूरे मेला क्षेत्र को 10 जोन और 33 सेक्टरों में बांटा गया है। साथ ही, सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी।

पिथौरागढ़

पिथौरागढ़ जिले में ह्यूमन पैपिलोमा वायरस टीकाकरण अभियान लगातार रफ्तार पकड़ रहा है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, अब तक जिले 481 बालिकाओं को यह वैक्सीन लगाई जा चुकी है , जो कि प्रदेश में किसी भी जिले में सबसे अधिक है। जिले की अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अर्चना कौशिक ने कहा कि सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम में यह टीका अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अभियान के तहत स्वास्थ्य टीमों द्वारा स्कूलों और गांवों में पहुंचकर जागरूकता फैलाने का काम किया जा रहा है, जिससे अभिभावकों का भरोसा बढ़ा है और टीकाकरण में तेजी आई है। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील की

है कि वे अपनी बच्चियों का समय पर टीकाकरण कराएं, ताकि उन्हें गंभीर बीमारियों से सुरक्षित रखा जा सके।